# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर

खंडवा रोड, सिमरोल, इंदौर-453 552, भारत
वेबसाइट: www.iiti.ac.in

विज्ञा.सं.IITI/SA/HCU/2024/02 28 अक्टूबर, 2024

## तात्कालिक साक्षात्कार (Walk-in-Interview)

## छात्रावास समन्वय इकाई (एचसीयू) के लिए गैर-शैक्षणिक पद (दैनिक वेतन/आकस्मिक आधार पर)

1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर एक राष्ट्रीय महत्व वाला संस्थान है और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित दूसरी पीढ़ी वाले आईआईटी में से एक है। वर्ष 2024 में, संस्थान को नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ़) द्वारा देश के 16वें शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थान के रूप में स्थान दिया गया है। आईआईटी इंदौर ने शिक्षण, अध्ययन, नवाचार व अनुसंधान के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाई है। अपने अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, सुविधाओं और अनुकूल कार्य परिवेश के साथ, यह संस्थान नौकरी तलाशने वालों के लिए एक पसंदीदा विकल्प है जो राष्ट्रीय ख्याति के एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान में अपना करियर बनाने और सेवा करने की इच्छा रखते हैं।

2. संस्थान की छात्रावास समन्वय इकाई (एचसीयू) एक ऐसी इकाई है जो परिसर में रहने वाले लगभग 3000 छात्रों के छात्रावासों और आहार सुविधाओं की विविध गतिविधियों का प्रबंधन करती है।

3. उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड और प्रासंगिक कार्य अनुभव रखने वाले भारतीय नागरिकों से आईआईटी इंदौर की छात्रावास समन्वय इकाई के लिए दैनिक वेतन के आधार पर निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

(a) **आईटी तकनीशियन (दैनिक वेतन के आधार पर) - 01**

| | |
|---|---|
| (i) **आवश्यक योग्यता**: | दसवीं उत्तीर्ण एवं कंप्यूटर हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर और नेटवर्किंग में सर्टिफिकेट प्रोग्राम या उसके समकक्ष। |
| (ii) **वांछनीय योग्यताएँ:** | कंप्यूटर हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर और नेटवर्किंग में डिप्लोमा। |
| (iii) **न्यूनतम अनुभव:** | संबंधित क्षेत्र में 2 वर्ष का अनुभव। |
| (iv) **वांछनीय अनुभव:** | कॉलेज/स्कूल/छात्रावास में काम करने का अनुभव। |
| (v) **अधिकतम आयु सीमा:** | विज्ञापन में उल्लिखित साक्षात्कार तिथि तक 50 वर्ष। |
| (vi) **वेतन/पारिश्रमिक:** | ₹ 948/- प्रतिदिन (उच्च कुशल श्रेणी में न्यूनतम वेतन) । |
| (vii) **नियुक्ति की अवधि**: | आवश्यकतानुसार, एक माह में अधिकतम 26 दिन । |

(b) **इलेक्ट्रीशियन (दैनिक वेतन के आधार पर) - 01**

| | |
|---|---|
| (i) **आवश्यक योग्यता:** | दसवीं उत्तीर्ण। |
| (ii) **वांछनीय योग्यताएँ:** | इलेक्ट्रिकल वर्क्स में आईटीआई सर्टिफिकेट/डिप्लोमा। |

(iii) **<u>न्यूनतम अनुभव</u>:** संबंधित क्षेत्र में 2 वर्ष का अनुभव।

(iv) **<u>वांछनीय अनुभव</u>:** कॉलेज/स्कूल/छात्रावास में काम करने का अनुभव।

(v) **<u>अधिकतम आयु सीमा</u>:** विज्ञापन में उल्लिखित साक्षात्कार तिथि तक 50 वर्ष।

(vi) **<u>वेतन/पारिश्रमिक</u>:** ₹ 734/- प्रतिदिन (अर्ध-कुशल श्रेणी में न्यूनतम वेतन)।

(vii) **<u>नियुक्ति की अवधि</u>**: आवश्यकतानुसार, एक माह में अधिकतम 26 दिन

(c) **बढ़ई (कारपेंटर) (दैनिक वेतन के आधार पर) - 01**

(i) **<u>आवश्यक योग्यता</u>:** दसवीं उत्तीर्ण।

(ii) **<u>वांछनीय योग्यताएँ</u>:** बढ़ईगीरी कार्य में आईटीआई सर्टिफिकेट/डिप्लोमा।

(iii) **<u>न्यूनतम अनुभव</u>:** संबंधित क्षेत्र में 2 वर्ष का अनुभव।

(iv) **<u>वांछनीय अनुभव</u>:** कॉलेज/स्कूल/छात्रावास में काम करने का अनुभव।

(v) **<u>अधिकतम आयु सीमा</u>:** विज्ञापन में उल्लिखित साक्षात्कार तिथि तक 50 वर्ष।

(vi) **<u>वेतन/पारिश्रमिक</u>:** ₹ 734/- प्रतिदिन (अर्ध-कुशल श्रेणी में न्यूनतम वेतन)।

(vii) **<u>नियुक्ति की अवधि</u>**: आवश्यकतानुसार, एक माह में अधिकतम 26 दिन

(d) **प्लम्बर (दैनिक वेतन के आधार पर) - 01**

(i) **<u>आवश्यक योग्यता</u>:** दसवीं उत्तीर्ण।

(ii) **<u>वांछनीय योग्यताएँ</u>:** प्लंबिंग कार्य में आईटीआई सर्टिफिकेट/डिप्लोमा।

(iii) **<u>न्यूनतम अनुभव</u>:** संबंधित क्षेत्र में 2 वर्ष का अनुभव।

(iv) **<u>वांछनीय अनुभव</u>:** कॉलेज/स्कूल/छात्रावास में काम करने का अनुभव।

(v) **<u>अधिकतम आयु सीमा</u>:** विज्ञापन में उल्लिखित साक्षात्कार तिथि तक 50 वर्ष।

(vi) **<u>वेतन/पारिश्रमिक</u>:** ₹ 734/- प्रतिदिन (अर्ध-कुशल श्रेणी में न्यूनतम वेतन)।

(vii) **<u>नियुक्ति की अवधि</u>**: आवश्यकतानुसार, एक माह में अधिकतम 26 दिन

(e) **छात्रावास परिचारक (दैनिक वेतन के आधार पर) - 06**

(i) **<u>आवश्यक योग्यता</u>:** दसवीं उत्तीर्ण।

(ii) **<u>वांछनीय योग्यताएँ</u>:** 12वीं उत्तीर्ण या उसके समकक्ष योग्यता।

(iii) **<u>न्यूनतम अनुभव</u>:** संबंधित क्षेत्र में 2 वर्ष का अनुभव।

(iv) **<u>वांछनीय अनुभव</u>:** कॉलेज/स्कूल/छात्रावास में काम करने का अनुभव।

(v) **<u>अधिकतम आयु सीमा</u>:** विज्ञापन में उल्लिखित साक्षात्कार तिथि तक 50 वर्ष।

(vi) **<u>वेतन/पारिश्रमिक</u>:** ₹ 734/- प्रतिदिन (अर्ध-कुशल श्रेणी में न्यूनतम वेतन)।

(vii) **<u>नियुक्ति की अवधि</u>**: नवंबर और दिसंबर 2024 में दो महीने की अवधि के लिए दैनिक वेतन आधार पर।

**<u>सामान्य निर्देश:</u>**

1. उम्मीदवारों को अपने नवीनतम सीवी और फोटोग्राफ के साथ वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए उपस्थित होना होगा।

2. सभी योग्यताएँ उचित वैधानिक प्राधिकरणों द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों/बोर्ड/परिषदों आदि से प्राप्त होनी चाहिए। आवेदन प्रपत्र के साथ प्रासंगिक शैक्षणिक प्रमाण पत्र संलग्न किया होना चाहिए।

3. अनुभव प्रमाण पत्र कंपनी/संस्थान/संगठन के लेटरहेड पर होना चाहिए और उसमें पद, वेतन, रोजगार की अवधि और किए गए कार्य के स्वरूप का विवरण होना चाहिए।

4. प्रमाण-पत्र और अनुभव वाले उत्कृष्ट उम्मीदवारों के मामले में एच सी यू के विवेक पर न्यूनतम योग्यता, अनुभव और/या आयु की आवश्यकताओं में छूट दी जा सकती है।

5. आवेदक की उम्मीदवारी साक्षात्कार के समय मूल प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के अधीन होगी। यदि अभ्यर्थी आवेदन प्रपत्र में उल्लिखित आवश्यक सहायक दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो चयन प्रक्रिया के लिए उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. यह नियुक्ति नियमित रोजगार नहीं है और इससे नियमित रोजगार के किसी भी दावे, विशेषाधिकार या लाभ का अधिकार नहीं मिलेगा।

7. यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई जानकारी किसी भी भाग में झूठी या अपूर्ण पाई जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त मानी जाएगी।

8. भर्ती/चयन प्रक्रिया से संबंधित अधिकारी पर किसी भी प्रकार का दबाव डालने या उसे प्रभावित करने पर अभ्यर्थी को तत्काल अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

9. संस्थान के पास बिना कोई कारण बताए किसी पद के लिए नियुक्ति न करने या नियुक्ति समाप्त करने का विवेकाधिकार है।

10. चयन के मामले में एच सी यू का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

11. ऐसे उम्मीदवार, जो उपरोक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, वे **<u>5 नवंबर, 2024 को सुबह 9:30 बजे छात्र कार्य कार्यालय, द्वितीय तल, अभिनंदन भवन, आईआईटी इंदौर</u>** में विधिवत भरे हुए आवेदन प्रपत्र और संबंधित प्रमाण पत्र/प्रमाणक के साथ **तात्कालिक साक्षात्कार/ट्रेड टेस्ट** में शामिल हो सकते हैं।

अधोहस्ताक्षरी**/-**
**अधिष्ठाता**, **छात्र कार्य**, **आईआईटी इंदौर**